## सार-समाचार

### उपतहसील व पंचायत भवन शुरू

**कुशलगढ़,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की छोटी सरवा में आज राजस्थान के कैबिनेट जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय हेलीकॉप्टर से जयपुर से छोटी सरवा पहुंचे जहां पर क्षेत्र विधायक रमिला खड़िया के साथ छोटी सरवा की उपतहसील और पंचायत भवन का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया।जल संसाधन मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने जो विकास 70 साल में नहीं हुआ उसे 1 वर्ष में करके दिखा दिया। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने विधायक रमिला खड़िया के कहने पर खेड़ा धरती में उप तहसील पंचायत भवन अस्पताल और कई ऐनिकट और पूल इस क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाए गए हैं ऐनिकट और पानी के डैम बनाया गया है जिससे खेड़ा धरती क्षेत्र हरा-भरा दिखाई देगा उन्होंने कहा कि खेड़ा धरती क्षेत्र सूखा क्षेत्र माना जाता था उप तहसील और पंचायत बनने से लोगों को कुशलगढ़ के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और इस क्षेत्र का विकास होगा इस अवसर पर रमिला खड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत ने कुशलगढ़ क्षेत्र में इतना विकास कराया गया कि जो आज तक किसी पार्टी ने नहीं कराया कुशलगढ़ क्षेत्र में जो विकास हुआ है वह लोगों को आज दिखाई दे रहा है इस अवसर पर छोटी सरवा व्यापारी संघ द्वारा जल संसाधन मंत्री महेंद्र सिंह मालवीय और विधायक रमिला खड़िया का 51 किलो की फूलों की माला से स्वागत किया गया।

### उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**कपासन,** (निसं)। क्षेत्र में विचरण करने वाले आवारा व पालतू मवेशियों से होने वाली समस्याओं के समाधान मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया। नगर आमनागरिक मंच द्वारा एसडीएम अर्चना बुगालिया, पालिका अध्यक्ष मंजु देवी सोनी को दिए ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में आवारा एवं पालतू मवेशी सार्वजनिक स्थलों व मार्गों पर हर समय विचरण करते है।ऐसे में यहां से गुजरने वाले आमजन को कई बार मवेशियों की चपेट में आने से दुर्घटना का सामना करना पड़ता है।ज्ञापन में आवारा मवेशियों के साथ पालतू मवेशियों को लेकर भी दिशा-निर्देश प्रदान कराने की मांग की गयी है।ताकि पालतू पशुओं को लोग घरों से बाहर खुला नहीं छोड़े। व आए दिन हो रही उक्त समस्याओं का समाधान करने की मांग की ज्ञापन देने के दौरान खुशबू बारेगामा,इंदिरा बारेगामा,लता शर्मा, सुनीता वैष्णव,काली प्रजापत,रेखा प्रजापत, सोनिया प्रजापत, अभिषेक व्यास,लोकेश बारेगामा,आयुष प्रधान आदि उपस्थित रहे। ज्ञापन देने बाद एसडीएम अर्चना बुगालिया ने इस समस्या का निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया । साथ ही ज्ञापन नगरपालिका अधिशासी अधिकारी भानू प्रताप सिंह को भी दिया

### इंदिरा रसोई योजना शुरू करने की मांग

**मंडफिया,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय भदेसर में राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ करने की ग्राम वासियों ने मांग की। ग्राम वासियों ने बताया कि भदेसर उपखंड मुख्यालय होने के साथ-साथ यहां भदेसर भेरूनाथ का बहुत बड़ा धार्मिक स्थल भी है। यहां पर प्रतिदिन सैकड़ो तीर्थ यात्री पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां तहसील कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय, पुलिस थाना, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय, उपखंड अधिकारी कार्यालय सहित कई अन्य सरकारी कार्यालय हैं। इसलिए यहां प्रतिदिन पंचायत समिति क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। भदेसर पंचायत समिति का क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें 25 ग्राम पंचायतें सम्मिलित है। लेकिन भदेसर में राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ नहीं होने से लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। राज्य की अशोक गहलोत सरकार द्वारा कोई भूखा ना सोए इसी संकल्प के साथ में पूरे राजस्थान में ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। इसी के तहत अभी हाल ही में भदेसर तहसील की ग्राम पंचायत मंडफिया एवं भादसोड़ा में इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ की गई थी। जिसका लोगों को भारी लाभ मिल रहा है। अब भदेसर में भी ग्राम वासियों ने इंदिरा रसोई योजना प्रारंभ करने की मांग की है।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**देवगढ़,** (निसं)। केम्ब्रिज अकादमी देवगढ द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार करवाई जा रही जिला स्तरीय 17 वर्ष व 19 वर्ष छात्र -छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच काफी रोमांचक रहे ।जनरल रेफरी कुलदीप सिंह राजावत के अनुसार प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के छात्र -छात्रा के फाइनल में स्वादड़ी व पाता की आंती की टीम पहुंची जिससे सभी फाइनल मैच रोमांचक हो गए। 17वर्ष छात्रा के फाइनल मैच में स्वादड़ी ने पाता की आंती को शिकस्त दी,17वर्ष छात्र वर्ग में स्वादड़ी ने पाता की आंती को हराया। इस प्रकार 17 वर्ष वर्ग में स्वादड़ी की टीम विजेता रही ।19वर्ष छात्रा वर्ग में पाता की आंती ने स्वादड़ी को हराया,19वर्ष छात्र वर्ग में पाता की आंती ने स्वादड़ी को रोमांचक मुकाबले में टॉस द्वारा निर्णय होने पर टॉस जीतने पर हराया।

### नकदी व जेवरात चोरी

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के बडगांव थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर कामवाली बाई व माली के खिलाफ जेवर व नकदी चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाईगर हिल बडी रोड़ निवासी रेणु पत्नी रविन्द्र बोहरा ने अपने मकान पर काम वालीबाई बडी निवासी सुशीला व माली का काम करने वाले मदार निवासी लक्ष्मण के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 26 अगस्त को पिकनीक मनाने के लिए गई थी। इस दौरान आरोपियों ने मकान से सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ली। दो दिन पूर्व जेवरात व नकदी लॉकर में जमा कराने के लिए अलमारी की तलाश की तो कुछ भी नहीं मिला। इस पर शंका के आधार पर दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया।

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर,** (निसं)। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच डूंगरपुर की ओर से संपूर्ण अधिवक्ता समाज की समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम कलक्टर डूंगरपुर को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच डूंगरपुर के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता प्रकाशचन्द्र परमार एवं जिला प्रभारी अधिवक्ता प्रकाश पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के सदस्यो ने अधिवक्ताओं क संरक्षण के लिये अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल अविलम्ब इसी कार्यकाल में लागू करने एवं अधिवक्ताओं को अपने कार्यकाल में आये दिन सभी जिलो में यात्रा करनी पडती है।

# फतहसागर पर कायाकिंग ड्रेगन बोट प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

**उदयपुर,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम चुनाव-2023 के मद्देनजर चलाए जा रहे सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत शुक्रवार को झीलों की नगरी उदयपुर में अनूठा आयोजन हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से फतहसागर झील में कायाकिंग ड्रेगन बोट रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला प्रशासन और युआईटी टीम के बीच हुई स्पर्धा में लबालब भरी फतहसागर झील में लहरों पर दौड़ती कायाकिंग और ड्रेगन बोट ने सैकड़ों की संख्या में मौजूद शहरवासियों को रोमांच से भर दिया। आमजन ने देशभक्ति तरानों और ड्रम की थाप के साथ म्हारो केणो, वोट देणो के नारे लगाते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।स्वीप प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह फतहसागर की पाल स्थित टाया पैलेस के समीप अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन शैलेष सुराणा और अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राजीव द्विवेदी, युआईटी सचिव सावन कुमार चायल प्रशासन और युआईटी टीम के साथ पहुंचे। कायाकिंग एसोसिएशन चेयरमैन पीयूष कच्छावा



मतदाता जागरूकता को लेकर फतहसागर की पाल पर कायाकिंग ड्रेगन बोट प्रतियोगिता आयोजित हुई।

के तत्वावधान और कोच निश्चय चौहान के नेतृत्व में कायाकिंग खिलाड़ी भी पहुंचे। प्रशासन और युआईटी की टीमें गठित की गई। दोनों टीमें ड्रेगन बोट पर सवार हुई। वहीं कायाकिंग खिलाड़ी भी अपनी-अपनी बोट के साथ स्पर्धा में जुड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गीत मैं भारत हूं तथा म्हारो केणो वोट देणो नारों के साथ रेस स्टार्ट हुई। पाल पर सैकडों की संख्या में खडे. आमजन ने नारे लगाते हुए उत्साह बढ़ाया। रेस में युआईटी टीम विजेता रही। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। फौजी भैरूसिंह कुमावत ने कायाकिंग खिलाड़ियों को 3100 रूपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान राजेश जोशी ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्य आयोजना अधिकारी व स्वीप प्रकोष्ठ सहायक नोडल अधिकारी पुनीत शर्मा, कायाकिंग एसोसिएशन से आरके धाबाई, महेश पिम्पलकर, इलेक्शन ब्रॉड एम्बेसेडर कुलदीपसिंह, तनिष्क पटवा, गौरव साहू, लब्धि सुराणा, स्वीप समन्वयक देवीलाल गर्ग, वरिष्ठ नागरिक प्रो धर्मेश शर्मा, प्रो जगदीशचंद्र जोशी, विष्णु सुहालका, गाइड सीओ विजयलक्ष्मी वर्मा, स्वीप के प्रेम एस गुर्जर व संदीप तंवर सहित बड़ी संख्या में कायाकिंग खिलाड़ी, गाइड स्वयंसेवक, शहरवासी उपस्थित रहे।आयोजन स्थल पर मतदाता शपथ अंकित बड़ा सा बैनर लगाया गया। बैनर पर अधिकारियों-कर्मचारियों, खिलाड़ियों तथा आमजन ने हस्ताक्षर कर अनिवार्य मतदान का संकल्प दोहराया।

# एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। असफलता , सफलता की पहली सीढ़ी है, सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ेंगे तो कभी असफल नहीं होंगे। जिसका विश्वास दृढ़ होता है ईश्वर भी उसी की मदद करता है। जैसा हम सोचेंगे, वैसे ही परिणाम हमकों देखने को मिलेंगे।

उक्त विचार जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक आईटी विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में सकारात्मक व्यवहार का पेशेवर जीवन पर प्रभाव विषय पर आयोजित एक दिवसीय सेमीनार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बतौर मुख्य अतिथि में कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में व्यक्ति दूसरे को सुखी देखकर दुखी है, जीवन में सभी व्यक्ति समृद्ध होना चाहते हैं और हर कार्य शोर्ट टाईम में प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन वे यह कभी नहीं सोचते कि सफल व्यक्ति ने उस मुकाम पर पहुंचने तक कितने संघर्ष किए होंगे। कुछ व्यक्ति वंशानुसार समृद्ध होते हैं लेकिन वे भी आगे चल कर जीवन में असफल हो जाते हैं। जो हम सोचते हैं उसे जीवन



सकारात्मक व्यवहार का पेशेवर जीवन पर प्रभाव विषय पर आयोजित सेमिनार का कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने शुभारंभ किया।

में करने का प्रयास करें। जीवन में किसी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ें, और अपने आप पर भरोसा रखें व विश्वास के साथ आगे बढ़ें। संगोष्ठी में प्रो. सारंगदेवोत ने क्रिकेट खिलाडियों का उदाहरण देते हुए कहा कि ऑलराउंडर क्रिकेटर यदि किसी मैच में पहली ही बॉल पर आउट हो जाये तो उसे असफल नहीं कह सकते। सेमीनार में डॉ. एजाज हुसैन डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. हेमंत साहू, विकास डांगी, डॉ. योगिता श्रीमाली को इसरो स्पेस साईन्स के ऑनलाईन पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु प्रो. सारंगदेवोत ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रारंभ में निदेशक प्रो. मंजू मांडोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एक दिवसीय सेमीनार की जानकारी दी।

## ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**उदयपुर,**(कासं)। शराब के नशे में रेल्वे ट्रेक पर सोने के बाद आई ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि दो युवकों की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार तडके एकलिंगपुरा रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन से कुचला जाने पर पिराणा थाना डूंगला चित्तोड़गढ हॉल एकलिंगपुरा निवासी गोपाल पुत्र हिरालाल की मौत हो गई तथा साथी युवक किशन (30)पुत्र माना वागरिया निवासी एकलिंगपुरा व लक्ष्मण पुत्र गांगा वागरिया (32)दोनों की जान बच गई।गोपाल एकलिंगपुरा क्षेत्र में लारी लगाता था। रात में गोपाल, किशन व लक्ष्मण ने साथ में शराब पी तथा नशा चढने के बाद तीनों एकलिंगपुरा गीतांजली चिकित्सालय के सामने रेल्वे ट्रेक पर निंद निकालने के लिए सो गए थे। तडके अचानक आई ट्रेन के गुजरने के बाद गोपाल के मरने की जानकारी सामने आई। इसकी सूचना मिलने पर सविना पुलिस थाने के हेडकांस्टैबल बिनेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण

**राजसमंद,**(निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव जिला मनीष कुमार वैष्णव ने राजकीय किशोर एवं बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण कर गृह में निरूद्ध बालकों को निरंतर अध्ययन करने व अनुशासित दिनचर्या में रहने की सीख दी।

वैष्णव ने बताया कि गृह में 16 बालक आवासरत पाये गये। जिनमें से सुरक्षित गृह में 8, सम्प्रेषण गृह में 5 व विशेष गृह में 3 बालक निरूद्ध हैं। निरीक्षण के समय गृह में निरूद्ध बालकों को शिक्षिका अनिता कुमारी द्वारा अध्ययन करवाया जा रहा था। शिक्षिका ने बालकों द्वारा पढाई करने में रूचि दिखाना बताया।

वैष्णव ने गृह की सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। गृह में स्नानघर व शौचालय उपलब्ध हैं। 19 सितम्बर को डॉ. रोहित कटारिया व लाल चंद बैरवा द्वारा बालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी बालक स्वस्थ पाये गये।

# उदयपुर में ईवा मेले का उद्घाटन

**उदयपुर,** (निसं)। अनुपम महिला क्लब, उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाले ईवा 2023 मेले का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को ऑर्बिट रिजॉर्ट, आर के सर्किल उदयपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजसमंद विधायकदीप्ति माहेश्वरी थी।

क्लब अध्यक्ष प्रेमा दोशी ने बताया कि प्रथम दिन मेले में बहुत रौनक रही। ट्रेंडी ज्वेलरी, डिजाइनर सूट्स, साड़ियां, कलात्मक एवम् घेरेलू सजावटी सामान की अच्छी बिक्री हुई। महिलाओं द्वारा महिला उद्यिमयों को प्रोत्साहित करने हेतु इस भव्य प्रदर्शनी में विभिन्न ड्रेस मैटेरियल, सूट, सजावट का सामान, हैण्ड बैग्स, लेदर एक्सेसरीज, चदरें, ज्वेलरी आदि कई आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल्स लगाए गए हैं।अनुपम महिला क्लब की सचिव कविता बड़जात्या ने बताया कि ईवा कि इस तीन दिवसीय एग्जीबिशन में लगभग सत्तर स्टॉल्स लगाए गए हैं, जिनमें कई नए स्टार्टअप ने भी अपनी



उदयपुर में अनुपम महिला क्लब द्वारा आयोजित ईवा 2023 मेले का भव्य उद्घाटन हुआ।

भागीदारी दर्ज कराई है।क्लब की उपाध्यक्ष ममता बोहरा ने जानकारी देते हुवे बताया कि इस वर्ष मेले के मुख्य आकर्षण के रूप में विशेष फूड कोर्ट, महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। आज दूसरे दिन ग्यारह वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी।प्रत्येक दिन पांच हजार की खरीददारी पर लक्की कूपन दिया जायेगा जिसपर प्रतिदिन लक्की ड्रा के द्वारा कई आकर्षक पुरस्कार ग्राहकों को दिए जायेंगे।

## सार-समाचार

### जानलेवा हमले में युवक घायल

**देवगढ़,** (निसं)। देवगढ़ नगर में दिनदहाड़े व्यस्तम इलाके के क्षेत्र में प्रतिष्ठा पार्क के बाहर एक युवक के ऊपर जानलेवा हमला करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की खबर लगते ही आसपास क्षेत्र में सनसनी फैल गई साथ ही पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस पहुंची मौके पर और इकट्ठा लोगों ने घायल युवक को देवगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सा कर्मियों द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए उदयपुर रेफर कर दिया गया ।घटना को लेकर घायल युवक की पत्नी माया देवी ने पुलिस थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए रिपोर्ट में बताया की मेरा पति किशन लाल पिता बाबुलाल निवासी देवगढ़ जो की नगर पालिका में सफाई का कार्य करते है। जो दिन में दो बजे घर से सफाई के लिए निकले थे। देवगढ़ में मारु दरवाजा की तरफ सफाई करने गये थे, दिन में करीब 4 बजे एस बी आई बैंक देवगढ़ के सामने मेरे पति को सफाई कार्य करते हुए राधेश्याम पिता रामलाल जाति भाण्ड निवासी बाधाना ने मेरे पति को रोका कर सरेआम सबके सामने मेरे पति के पेट में जान से मारने की नियत से पेट में चाकू से वार कर दिया मेरे पति के पेट में छेद हो गए और पेट से मांस बाहर आ गया। मौके पर नारायण लाल व बंशी रेगर तथा अन्य लोगो ने मेरे पति का बिच बचाव कर छुड़ाया, नहीं तो मेरे पति को जान से मार देता मारपीट का कारण मेरे पति ने राधेश्याम को रुपये उधार दे रखे थे जिसकी उगाई करने पर जान से मारते हुए हमला कर दिया।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी को डिटेन कर लिया गया तथा अनुसन्धान जारी हे।साथ ही नगर पालिका संयुक्त कर्मचारी संघ देवगढ़ के जमादार द्वारा पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र सिंह को दीनदहाड़े नगर पालिका कर्मचारी किशन खोकर को जान से मारने की घटना को लेकर लिखित रिपोर्ट दी है।

### करंट से युवक की मौत

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सुखेर थानाक्षैत्र भुवाणा में काम करते समय विद्युत लाईन छू जाने पर करंट लगने से युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों ने वीवों कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोपी लगाते हुए मुआवजा नहीं देने तक शव लेने से इंकार कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शहर के सुखेर थाना क्षेत्र सुखेर भुवाणा नेट कंपनी के लिए काम करते समय विद्युत लाईन छू जाने पर करंट लगने से खेमपुरा निवासी गजेन्द्र डांगी पुत्र मानाराम डांगी की मौत हो गई। गजेन्द्र नेट कंपनी विवों में काम करता था एवं शिकायत निवारण एवं नये कनेक्शन करने का काम करता था। शुक्रवार को वह शिकायत निवारण करने के लिए गया था। जहां विद्युत पोल पर चढने के बाद करंट लगने से वह निचे गिर पडा। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर आए मृतक के परिजनों एवं समाज जनों ने विवों कंपनी पर लापरवाही बरतने, पूर्व में कंपनी कर्मचारी शंकर पटेल, अब्दुल कलाम एवं चेतन डांगी के साथ भी ऐसी घटना होने पर आक्रोष व्यक्त करते हुए उचित मुआवजा नहीं देने तक शव लेने से इंकार कर दिया।

### तीन तीन दुकानों के टूटे ताले

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र से महज 5 किलोमीटर दूर चुण्डावाडा गांव में बीती रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने एक साथ तीन दुकानों ने ताले तोड कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार चुंडावाडा गांव में रेडीमेड कपडों की दुकान का ताला तोडकर बदमाशों ने अंदर रखे कई जोडी कपडे चुरा लिए। वही बदमाशों ने गांव में एक मेडिकल स्टोर को अपना निशाना बनाते हुए ताले तोडकर 3 हजार रुपए कैश सहित अन्य सामग्री को चुरा कर ले गए। वही एक ई-मित्र की दुकान के ताले तोडकर चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन अंदर कुछ हाथ नहीं लगाने से बदमाशो को खाली हाथ लौटना पडा। इधर शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना दुकानदार और पुलिस को सूचना मिली। वही सीसी टीवी कैमरे में एक बदमाश दिखाई दे रहा है। जिसके हाथ में एक लोहे का ओजार लिए दिखा रहा है। पुलिस सीसी टीवी कैमरे फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की सदर पुलिस ने मंदिर के दानपेटी का ताला तोडकर रुपए चुराने वाले दो आरोपियों गिरफ्तार करने की सफलता मिली है। थानाधिकारी प्रभुलाल मीणा ने बताया कि 21 सितंबर को इंद्रखेत निवासी लालशंकर पुत्र बदाजी पटेल ने पुलिस को रिपोर्ट में बताया कि 2० सितंबर की रात्रि को अज्ञात बदमाशों द्वारा मंदिर प्रवेश कर दानपेटी को तोडकर रुपए चुराने की वारदात को अंजाम दिया जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग रखी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम द्वारा राजपुर, सतिरामपुर, वागदरी, देवल आदि जगहों पर तलाश कर मुखबिर तंत्र के आधार पर राजपुर निवासी अजित पुत्र मणिलाल ननोमा व कमलेश पुत्र नरेश भाटिया को डिटेन कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की वारदात करना कबूल किया। घटना में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा मौजशोक करने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर रात्रि के समय मंदिरों, सुने मकानों, दुकानों के ताले तोडकर चोरी करना तथा चोरी से प्राप्त रुपयों को आपस में बाट कर मौज शौक करना व शराब पीना करना बताया।

### जत्था पदयात्रा के लिए रवाना

**डूंगरपुर,** (निसं)। गुजरात के प्रसिद्ध शक्ति पीठ में एक माने जाने वाले अंबाजी के दर्शन करने लिए शुक्रवार को शहर के भोईवाडा मोहल्ले 60 यात्रियों का जत्था अंबाजी दर्शन करने के लिए रवाना हुआ। दल के प्रमुख मयूर भोई ने बताया की हर साल की भांति इस वर्ष भी गुजरात के शक्ति पीठ अंबाजी दर्शन करने के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व भोईवाडा मोहल्ले में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर भोई समाज के युवाओं, महिलाओ, पुरुषो ने विशेष पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद भोई समाजजनों ने भोईवाडा से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा भोईवाडा मोहल्ले से होते हुए कनेरा पोल, मोची बाजार, पुराना अस्पताल, गेपासगर की पाल, तहसील चौराहे होते हुए सिंटेक्स तक पहुंची। शोभायात्रा में 151 फीट लंबी केसरिया ध्वज हाथो में लाई आगे चल रहे थे। वही डीजे पर भक्ति मय गीतों पर झूमे नाचते हुए भोई समाज की महिलाएं पुरुष और युवा दिखे। इस दौरान मयूर भोई, विजय भोई, राकेश भोई, सुनील भोई, मोहित भोईए तन्मय जयपाल सिंह सहित भोई समाज और खटीक समाज की समाज की महिलाएं पुरुष और युवा मौजूद रहे।

# स्कूली विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने की विशेष पहल

**उदयपुर,** (कासं)। स्कूली विद्यार्थियों में बढ़ते हुए तनाव को लेकर पेसिफिक यूनिवर्सिटी एवं शिक्षा विभाग उदयपुर विशेष करियर काउंसलिंग सत्रों "अपने करियर को दे नई उड़ान" का आयोजन प्रत्येक शनिवार को करेगा। इसके अंतर्गत देश के ख्यातनाम शिक्षाविदों द्वारा विभिन्न रोजगार विकल्पों पर विशेष रूप से चर्चा की जावेगी।

उदयपुर जिले के 100 से अधिक विद्यालयों में विशेषज्ञों की पैनल चर्चा का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण पेसिफिक यूनिवर्सिटी के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। लाइव बटन पर क्लिक करते ही वार्ता को सुना जा सकता है। दस हजार से अधिक विद्यार्थी विद्यालयों में प्रोजेक्टर एवं स्मार्ट टीवी के माध्यम से इस आयोजन के तहत प्रशिक्षित होंगे।

चीफ डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर महेंद्र कुमार जैन के अनुसार स्कूली स्तर पर विद्यार्थी कई बार इस दुविधा में रहते हैं कि वे किस विषय या संकाय में अध्ययन करें जिससे कि उन्हें अच्छा रोजगार मिले। शिक्षा विभाग का



पेसिफिक यूनिवर्सिटी एवं शिक्षा विभाग उदयपुर स्कूली विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखने की विशेष पहल की।

यह प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन यथा समय उपलब्ध करवाया जाए। पेसिफिक के साथ करियर काउंसलिंग सत्रों में विद्यार्थियों को बदलते परिदृश्य में उभरते हुए नवीन करियर की विस्तृत जानकारी मिलेगी। पेसिफिक समूह के पेट्रन प्रोफेसर बी.पी. शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों पर आईआईटी और मेडिकल की परीक्षाओं का अत्यधिक बोझ पड जाता है कई विद्यार्थी इसे सहन नहीं कर पाते और तनाव एवं अवसाद का शिकार हो जाते हैं। चिंता का विषय है कि देश में औसतन हर घंटे एक विद्यार्थी आत्महत्या कर रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक विगत 5 वर्ष के मुकाबले इस वर्ष आत्महत्या की दर सर्वाधिक पहुंच गई है। 13000 से अधिक विद्यार्थियों ने एक वर्श में आत्महत्या की है।

सीरिज संयोजक डीन पी.जी. स्टडीज प्रोफेसर हेमन्त कोठारी के अनुसार विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी जावें तो वे अपनी क्षमता अनुसार विवेकपूर्ण निर्णय लेते हुए तनाव मुक्त रहेंगे और कोई भी अनहोनी नहीं होगी। पेसिफिक यूनिवर्सिटी द्वारा की गई यह पहल इस समस्या के समाधान में अवश्य ही सार्थक योगदान देगी।पेसिफिक वि.वि. प्रेसिडेंट प्रो के.के.दवे ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए इन परिचर्चाओं का आरंभ 23 सितंबर से होगा जिसके मुख्य वक्ता देश की प्रथम स्किल यूनिवर्सिटी, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर राज नेहरू होंगे। वार्ता का समय प्रातः 11 से 11:40 तक रहेगा। इसकी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## देशी हथकड शराब जब्त

**राजसमंद,** (निसं)। जिले में एसपी सुधीर जोशी की ओर से विधानसभा चुनावों के मध्यनजर अवैध शराब परिवहन व विक्रय करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह से 15 लीटर देशी हथकड शराब, 10.8 लीटर देशी सादा मदिरा व 1 धारदार छुर्रा जब्त कर 5 आरोपी गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किये है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया गया। थानाधिकारी लीलाधर मालवीय ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर नो चौकी रोड सेवाली गॉव से पहले से बल्लू यादव (4०) पुत्र मांगीलाल यादव निवासी यादव मोहल्ला राजनगर के कब्जे से 5 लीटर देशी हथकड शराब जब्त कर गिरफ्तार किया गया। फरारा गांव स्कूल के पास से गोपालसिंह (38) पुत्र किशनसिंह राठौड निवासी फरारा थाना राजनगर के कब्जे से 5 लीटर देशी हथकड शराब जब्त कर गिरफ्तार किया गया। बीडो की भागल से मोहनलाल (43) पुत्र गुलाबराम भील निवासी सांगठखुर्द थाना राजनगर के कब्जे से लॉयन देशी शराब जब्त कर गिरफ्तार किया।

## यात्री के जेवर नकदी चोरी

**उदयपुर,**(कासं)। पीडित बंटी ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 20 सितंबर को मैं ग्वालियर से सूरत बडोदा चलने वाली निजी ट्रावेल्स बस में बैठ कर आ रहा था। जहां उदयपुर पहुंचने पर बैग सीट निचे से निकाला तो कटा हुआ था।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 24.05.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. एम एम इंजिनियरिंग वर्क्स 2. लक्ष्मी देवी, 3. मंगू सिंह को जारी किया गया था, जिसमें 23.05.2023 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 32,69,246.81/- (रूपये बत्तीस लाख उनहत्तर हजार दो सौ छियालिस और पैसा इक्यासी मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के साठ दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज सितम्बर 2023 के 21वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 32,69,246.81/- (रूपये बत्तीस लाख उनहत्तर हजार दो सौ छियालिस और पैसा इक्यासी मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

प्लाट नं. जी 1-469 (बी(, क्षेत्रफल 225 वर्गमीटर, मीया इन्डूस्ट्रीयल एरिया मदरी उदयपुर, उदयपुर राजस्थान-313001 का पूरा व प्रत्येक भाग। और सीमाएं है पूर्व-रोड 24 फीट चौडी, पश्चिम प्लाट नं. जी 1-462, उत्तर-प्लाट नं. जी 1-469, दक्षिण- प्लाट नं. जी 1-461

दिनांक- 21 सितम्बर 2023
स्थान- उदयपुर
ऋण खाता संख्या- 25223309, 33396985

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)